# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 1523 / W-16 / 127 दिनांक– 24-08-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24 अगस्त 2026 को प्रकाशित शीर्षक "फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में "हर घर नल" योजना फ्लॉपः सोनभद्र में ग्रामीण प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग, अनियमितता के आरोप" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24 अगस्त 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में "हर घर नल" योजना फ्लॉपः सोनभद्र में ग्रामीण प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग, अनियमितता के आरोप"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड कोन के ग्राम कुडवा, कचनरवा, सिधवादामर व बड़ाप में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत हर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी०पी०आर०पी०एल०, जोधपुर द्वारा कराया गया है। योजना पर पूर्व में बिछाई गयी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति हो गयी थी। योजनान्तर्गत क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन की मरम्मत करा दी गयी है। वर्तमान में योजना से जलापूर्ति की जा रही है। विगत् 02 दिन पूर्व योजना पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी, जिस कारण ग्राम में जलापूर्ति नही हो पायी थी। वर्तमान में योजना पर पाइप लाइन एवं विद्युत की आपूर्ति होने के साथ ग्राम में जलापूर्ति की जा रही है। योजनान्तर्गत जिन ग्रामों में गृह संयोजन छूट गये है, उन ग्रामों में फर्म के माध्यम से गृह संयोजन कराये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत कराये गये कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सम्पादित कराये गये है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
4. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।
5. मेंसर्स वी०पी०आर०पी०एल०, जोधपुर, हर्रा पेयजल योजना।

अधिशासी अभियन्ता

# फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में 'हर घर नल' योजना फ्लॉप: सोनभद्र में ग्रामीण प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग, अनियमितता के आरोप

राजन कुमार | कोन(सोनभद्र)
6 घंटे पहले



फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में 'हर घर नल' योजना फ्लॉप।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us

भारत 475-8 (12 ... vs LIVE – श्रीलं...
भारत ने बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

सोनभद्र के नवसृजित विकास खंड कोन के फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में 'जल जीवन मिशन' के तहत संचालित हर्रा-कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए समस्या बन गई है। कुड़वा के टोला पांडुचट्टान में समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जल निगम और कार्यदायी संस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लिमिटेड की लापरवाही और मनमानी के कारण कई गांवों में वर्षों बाद भी नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। कचनरवा, कुड़वा और सिधवादामर सहित लगभग 32 गांवों के लोग आज भी नदी-नालों और अन्य असुरक्षित स्रोतों से पानी पीने को मजबूर हैं।

प्रदर्शनकारियों ने पाइपलाइन की गुणवत्ता, उसकी गहराई और कनेक्शन के कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

जिला पंचायत सदस्य छविंद्र नाथ, गंगा प्रसाद यादव, बिहारी प्रसाद यादव और जयराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से कई स्थानों पर जलापूर्ति बाधित है। उनका आरोप है कि आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन कई घरों में नल से पानी नहीं आ रहा है। टंकी से सटे बड़ाप गांव को भी अब तक कनेक्शन नहीं मिला है।

वीडियो और देखें

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- कोई सरकारी मामला लंबे समय से अटका हुआ है तो आज उसे सुलझाने के लिए

पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शुद्ध पेयजल की तत्काल व्यवस्था करने, योजना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस मामले पर जल निगम के एई ममूर अली ने बताया कि लगभग 20 से 25 गांवों में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ स्थानों पर पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण समस्या आई है, जिसे जल्द ही ठीक कर नियमित आपूर्ति बहाल की जाएगी।

**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔** +Follow us

और पढ़ें

## खबरें और भी हैं...

भास्कर एक्सक्लूसिव **UP के 11 डैम में 10% से भी कम पानी: ज्यादातर सूखे की कगार पर; ओबरा-माताटीला आधा भी नहीं भरा, क्या होगा इसका असर**




सोनभद्र > शेयर

**सोनभद्र पुलिस ने अपहरण युवक को किया बरामद: 2 आरोपी गिरफ्तार, स्विफ्ट कार और चार मोबाइल बरामद**



सोनभद्र > शेयर



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.